Title: Need for adequate compensation to the residents of Ranchi Cantonment area whose land has been acquired by Army authorities- Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र रांची अंतर्गत छावनी में आदिवासी लोगों की परेशानी की ओर दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र के कई गांव जैसे कुम्हार टोली, गुडू टोली पाहन टोली शुगनू, गाड़ी एवं खटंगा इत्यादि की जमीन को रक्षा प्रयोजन के लिए अधिग्रहीत किया गया है, जिसमें लोगों को नाम मात्र का मुआवजा दिया गया और कई लोगों को आज तक कोई मुआवजा नहीं मिला है, और न ही कोई नौकरी। इसके बावजूद यहां के लोगों को मकान बनाने एवं मरम्मत किये जाने पर सेना द्वारा रोका जाता है। रास्ते बंद कर दिये जाने से वे अपने खेतों पर खेती नहीं कर सकते, जिसके कारण यहां के आदि वासी लोगों में काफी रोा है। जिस भूमि को अधिग्रहीत किया गया है और उसका उपयोग नहीं हो रहा है, तो उसको वापिस किया जाये और इस छावनी के पास पड़ी बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि रांची में छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्या दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें।